नेट्रीत श्याखा
10/4/26

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 09.04.26 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, बक्सर अन्तर्गत Construction of Dhansoi Bypass Road (Km. 0.00 to Km. 4.05) for the year 2024-25 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.202 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–18.02.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय पत्रांक–715(अनु०) दिनांक–18.02.2026 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–1550(E) दिनांक–26.02.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–962(अनु०) दिनांक–16.03.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–16.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Dhansoi Bypass Road (Km. 0.00 to Km. 4.05) for the year 2024-25 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, बक्सर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹9824.90 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–1706 (S) दिनांक–28.02.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹8767.94 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1396(अनु०) दिनांक–25.04.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹1779.74491 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 12 (Twelve) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 09.01.2026 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा को बिहार लोक निर्माण संहिता–163 के तहत् रद्द करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया है। (अभियंता प्रमुख का पत्रांक–8659(ई०) दिनांक–24.12.2025 द्वारा संसूचित) |

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 04 (चार) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/S Mamerej Construction Pvt. Ltd. (2) Kawaljeet Singh Contractor
(3) M/S Gladiata Engineering Makers Private Limited (4) Jawahar Lal Yadav

4. समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त तीन निविदाकारों यथा (1) Kawaljeet Singh Contractor एवं (2) M/s Mamerej Construction Pvt. Ltd. को ITB Cl. 4.7, NIT के क्रमांक–38 के तहत तथा (3) M/S Gladiata Engineering Makers Private Limited को ITB Cl.-16 एवं NIT क्रमांक–14(c) के तहत तकनीकी बीड में असफल एवं शेष एक निविदाकार Jawahar Lal Yadav को न्यूनतम वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

5. उपभागीय पत्रांक–715(अनु०) दिनांक–18.02.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–18.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Mamerej Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–11.03.2026 एवं (2) Kawaljeet Singh Contractor के पत्रांक–शून्य दिनांक–09.03.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–962(अनु०) दिनांक–16.03.2026 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गयी है।

6. **परिवाद :–** तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Mamerej Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक– शून्य दिनांक–11.03.2026 द्वारा उपभागीय कार्यालय में एवं Kawaljeet Singh Contractor के पत्रांक–शून्य दिनांक–09.03.2026 द्वारा ई–मेल के द्वारा परिवाद समर्पित किया गया है, जो निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | प्राप्त परिवाद | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|
| 1. | **Mamerej Construction Private Ltd.**<br>हमारी फर्म ममरेज कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड ने वर्ष 2024–25 के लिए पथ प्रमंडल बक्सर के अन्तर्गत धनसोई बायपास पथ (कि0मी0 0. | NIT के क्रमांक–38 पर उल्लेखित है कि–"As per SBD Cl. 4.7- The Statements showing the value of existing commitments and on-going works as well as the stipulated period of completion remaining for each of the works listed should be | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 00 से कि0मी0 4.05) के निर्माण हेतु टेंडर में आवेदन किया है।<br>टेंडर शर्त्तो और–SBD अनुभाग–2, अनुच्छेद–1.4 के अनुसार मौजूदा प्रतिबद्धताओं और चल रही कार्यो के संबंध में यह सूचित करता हूँ कि मौजूदा प्रतिबद्धताओं और चल रही कार्यो की जानकारी टेंडर दस्तावेजों में सही रूप से प्रस्तुत कि गई है।<br>विभागीय पत्र/सूचना सं0–6158(we)/09.07.2014 के प्रावधानों के अनुसार, बोलीदाता द्वारा स्वयं– सत्यापित जानकारी अपलोड करने के बाद इसे मान्य माना जाएगा, और इस चरण पर संबंधित अधिकारियों से प्रमाण पत्र जमा कराने कि आवश्यकता नहीं है।<br>अतः, मैं आप से विनम्रता पूर्वक अनुरोध करता हूँ कि मेरी स्वयं सत्यापित घोषणा को टेंडर के मूल्यांकन हेतु रिकार्ड में लिया जाए। मैं सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है। यदि किसी भी चरण पर कोई विसंगति पाई जाती है, तो मैं इसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार रहूँगा। कृपया इसे स्वीकार करें।<br>धन्यवाद। | countersigned by the Engineer in Charge, not below the rank of an Executive Engineer or equivalent."<br>संवेदक के द्वारा Existing commitments से संबंधित अपलोडेड प्रमाणपत्र उपरोक्त शर्त्तो को पूरा नहीं करते है।<br>अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | |
| 2. | **Kawaljeet Singh Contractor**<br>सविनय निवेदन है कि आपकी तकनीकी मूल्यांकन | NIT के क्रमांक–38 पर उल्लेखित है कि– "As per SBD Cl. 4.7- The | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रतिवेदन में हमारी फर्म Kawaljeet Singh Contractor को इस आधार पर "Non-Responsive" घोषित किया गया है कि विद्यमान प्रतिबद्धताओं (Existing Commitments) से संबंधित अपलोड किया गया प्रमाण पत्र SBD के ITB क्लॉज 4.7 एवं NIT क्लॉज 38 के अनुसार कार्यपालक अभियंता स्तर के पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित (Countersigned) नहीं था।<br><br>इस संदर्भ में निवेदन है कि निविदा प्रस्तुत करते समय विद्यमान प्रतिबद्धताओं का विवरण पूर्णतः सदभावना एवं सत्यता के साथ अपलोड किया गया था। तथापि, उक्त त्रुटि केवल प्रति–हस्ताक्षर (Countersignature) के अभाव से संबंधित एक लघु प्रक्रियात्मक / लिपिकीय त्रुटि Minor Clerical/ Procedural Deficiency) थी, जिसका हमारी फर्म की तकनीकी पात्रता, वित्तीय क्षमता अथवा संसाधन उपलब्धता से कोई संबंध नहीं है।<br><br>हमारी फर्म निविदा की समस्त अनिवार्य शर्त्तो, तकनीकी योग्यता, वित्तीय क्षमता एवं संसाधन उपलब्धता की कसौटी पर पूर्णतः पात्र है। उक्त त्रुटि को अब सुधारते हुए हम कार्यपालक | Statements showing the value of existing commitments and on-going works as well as the stipulated period of completion remaining for each of the works listed should be countersigned by the Engineer in Charge, not below the rank of an Executive Engineer or equivalent."<br><br>संवेदक के द्वारा Existing commitments से संबंधित अपलोडेड प्रमाण पत्र उपरोक्त शर्त्तो को पूरा नहीं करते है।<br><br>अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अभियंता स्तर के सक्षम पदाधिकारी द्वारा विधिवत प्रति–हस्ताक्षरित विद्यमान प्रतिबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न कर रहे है। मानननीय उच्चतम न्यायालय तथा विभिन्न न्यायिक निर्णयों में यह सिद्धांत स्थापित किया गया है कि यदि कोई कमी मात्र प्रक्रियात्मक या लिपिकीय प्रकृति की हो तथा उससे निविदाकार की वास्तविक पात्रता प्रभावित न होती हो, तो ऐसी त्रुटि को सुधारने का अवसर प्रदान किया जाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत (Principle of Natural Justice) के अनुरूप माना जाता है। इस संदर्भ में यह भी निवेदन करना है कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार उक्त निविदा में भाग लेने वाली कुल चार (04) एजेंसियों में से तीन (03) एजेंसियों को तकनीकी मूल्यांकन में अपात्र (Non-Responsive) घोषित किया गया है तथा केवल एक (01) एजेंसी को ही तकनीकी रूप से पात्र घोषित किया गया है, जिसकी वित्तीय बोली खोले जाने का प्रस्ताव है। ऐसी स्थिति में प्रतिस्पर्धा का दायरा अत्यंत सीमित हो जाता है, जो कि सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया के मूल सिद्धांतों जैसे निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा (Fair Competition), पारदर्शिता | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (Transparency) एवं Level Playing Field के विपरीत प्रतीत होता है।<br>अतः निवेदन है कि यदि हमारी फर्म की उक्त लघु प्रक्रियात्मक त्रुटि को सुधार के अवसर के साथ स्वीकार कर तकनीकी रूप से पात्र घोषित किया जाता है, तो इससे निविदा प्रक्रिया में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा (Healthy Competition) सुनिश्चित होगी तथा विभाग को भी अधिक प्रतिस्पर्धात्मक एवं लाभकारी दर प्राप्त होने की संभवना बढ़ेगी।<br>अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि संलग्न प्रति– हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र के आलोक में हमारी तकनीकी बोली पर पुनर्विचार करने की कृपा करें तथा हमारी फर्म को तकनीकी रूप से पात्र घोषित करते हुए हमारी वित्तीय बोली खोलने की अनुमति प्रदान करें, जिससे निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो सके।<br>हम विभाग को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हैं तथा आवश्यक होने पर किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण अथवा दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु सदैव तत्पर है।<br>कृपया सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की कृपा करें। | | |

## 7. परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:–

उपरोक्त वर्णित परिवाद की समीक्षा में पाया गया कि दोनों निविदाकार यथा (1) Mamerej Construction Pvt. Ltd एवं (2) Kawaljeet Singh Contractor निविदा के कंडिका–38 के शर्त्तो को पूरा नहीं करते है। अतः दोनों निविदाकारों के परिवाद को अमान्य करते हुए दिनांक–18.02.2026 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय अर्थात् तीन निविदाकारों यथा (1) Kawaljeet Singh Contractor एवं (2) M/S Mamerej Construction Pvt. Ltd. को ITB Cl. 4.7, NIT के क्रमांक–38, के तहत तथा (3) M/S Gladiata Engineering Makers Private Limited को ITB Cl.-16 एवं NIT क्रमांक–14(c) के तहत तकनीकी बीड में असफल एवं शेष एक निविदाकार Jawahar Lal Yadav को न्यूनतम वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने के निर्णय को यथावत रखने की अनुशंसा की जाती है।

विभागीय आदेश–141 सह–पठित ज्ञापांक–5385 (S) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही विभागीय Website पर प्रदर्शित किया गया। निर्धारित दो दिनों के अन्दर निविदा में शामिल निविदाकार से परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर परिवाद की समीक्षा के उपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने हेतु समर्पित की जाती है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा में **Mamerej Construction Pvt. Ltd.** के पत्रांक–शून्य दिनांक–11.03.2026 एवं **Kawaljeet Singh Contractor** के पत्रांक–शून्य दिनांक–09.03.2026 द्वारा दिए गए परिवाद को अमान्य करते हुए निविदाकार यथा (1) **Kawaljeet Singh Contractor** एवं (2) **M/S Mamerej Construction Pvt. Ltd.** को **SBD** के **ITB Cl. 4.7, NIT** के क्रमांक–38 के तहत् निविदा में **Engineer-in-Charge** से **Certified Existing Commitments & On-going works** से संबंधित प्रमाण–पत्र **Upload** नहीं किये जाने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

(ii) **M/S Gladiata Engineering Makers Private Limited** को **ITB Cl.-16** एवं **NIT** क्रमांक–14(c) के तहत तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

(iii) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा में एकल निविदाकार **Jawahar Lal Yadav** को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है। इनका वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय पत्रांक–715(अनु०) दिनांक–18.02.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–18.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9/4/26 | 09/4/26 | 09/04/26 | 9/4/26 |
| (राजकुमार) | (राजेश कुमार गुप्ता) | (अनिल कुमार सिंह) | (उमा कान्त रजक) |
| मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7 / निविदा–03–194 / 2025 2396 (E)

पटना, दिनांक 10/4/26

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित / आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

9/4/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।